भाषाटीका—अथ बुधका अष्टवर्ग कहते हैं।शुक्रसे बुध १ । २ । ३ । ४ । ५ । ९ । ११ । ८ में स्थानमें शुभ फल देता है और मंगल शनिसे ९ । १ । ४ । ७ । १० । ११ । ८ । २ बुधसे ३ । ६ । १० । ११ । १२ । १ । ९ । ५ । सूर्यसे ९ । ५ । १२ । ६ । ११ । गुरुसे ६ । ११ । ८ । १२ चंद्रसे १० । ११ । ८ । ६ । ४ । २ लग्नसे २ । १० । ११ । ८ । १ । ४ । ६ स्थानमें शुभफलदेताहै इन उक्त स्थानोंमें रेखादेना शेपस्थानमें बिंदुदेना बुधका अष्टवर्ग होवे ॥ २५ ॥

अथ जीवास्याष्ट वर्गमाह ।

स्वात्स्वायाष्टत्रिकेंद्रे स्वनवदशभवारातिधीस्थश्च शुक्रा-
ल्लग्नात्केन्द्रायधीषट्स्वनवसु च कुजात्स्वाष्टकेंद्राय ईज्यः ॥
इन्दोर्द्यूनार्थकोणायिषु सहजनवाद्यायकेन्द्रार्थगोऽर्का-
ज्ज्ञात्कोणव्यायखायाम्बुधिरिपुषु शनेर्व्यंत्यषोपट्सु शस्तः २६॥

भाषाटीका—अब गुरुका अष्टवर्ग कहते हैं। गुरु अपने स्थानसे २। ११। ८। ३। १। ४। ७। १० में स्थान में शुक्रसें २। ९। १०। ११। ६। ५ लग्नसे १। ४। ७। १०। ११। ५। ६। २। ९ भौमसे २। ८। १। ४। ७। १०। ११ चंद्रसे ७। २। ९। ५। ११ सूर्यसे ३। ९। ८। ११। १। ४। ७। १०। २ बुधसे ९। ५। २। ११। १०। १। ४। ६ शनिसे ३। १२। ५। ६ स्थानमें शुभफल देताहै। इन स्थानोंमें रेखादेना गुरुका अष्टवर्ग होवे॥ २६॥

| अथ बुधस्याष्टवर्गांकाः ५५. | | | | | | | | अथ गुरोरष्टवर्गांकाः ५६. | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | चं | मं | बु | गु | शु | श | ल. | र | च | म | बु | गु | शु | श | ल. |
| ५ | २ | १ | १ | ६ | १ | १ | १ | १ | २ | १ | १ | १ | २ | ३ | १ |
| ६ | ४ | २ | ३ | ८ | २ | २ | २ | २ | ५ | २ | २ | २ | ५ | ५ | २ |
| ९ | ६ | ४ | ५ | ११ | ३ | ४ | ४ | ३ | ७ | ४ | ४ | ३ | ६ | ६ | ४ |
| ११ | ८ | ७ | ६ | १२ | ४ | ७ | ६ | ४ | ९ | ७ | ५ | ४ | ९ | १२ | ५ |
| १२ | १० | ८ | ९ | | ५ | ८ | ८ | ७ | ११ | ८ | ६ | ७ | १० | | ६ |
| | ११ | ९ | १० | | ८ | ९ | १० | ८ | | १० | ९ | ८ | ११ | | ७ |
| | | १० | ११ | | | १० | ११ | ९ | | ११ | १० | १० | | | ९ |
| | | ११ | १२ | | ११ | ११ | | १० | | | ११ | ११ | | | १० |
| | | | | | | | | ११ | | | | | | | ११ |

अथ शुक्रस्याष्टवर्गमाह।

खास्तान्त्याऽहितवर्जितेषु-तनुतः शुक्रो विनास्तारिखं  
चन्द्रात्स्वान्मदनव्ययारिरहितेष्वर्काद्व्ययाष्टारिषु॥  
मन्दाद्व्येकरिपुव्ययास्तरहितेष्वीज्यात्रवायाष्टधी-  
खेज्ञात्कोणभवत्रिपट्सु भवधीत्र्यन्त्यारिधर्मे कुजात्॥ २७॥

भाषाटीका—अब शुक्रका अष्टवर्ग कहते हैं। शुक्र—लग्नसे १०। ७। १२। ६ स्थान विना और स्थानमें (१। २। ३। ४। ५। ८। ९। ११) शुभफल देता है—और शुक्रसे ७। ५। १० में स्थानविना अन्य स्थानमें (१। २। ३। ४। ५। ८। ९। ११। १२) चन्द्रसे ७। १२। ६ स्थान विना अन्य स्थानमें (१। २। ३। ४। ५। ८। ९। १०। ११) सूर्यसे १२। ८। ११ स्थानमें शनिसे २। १। ६। १२। ७ में स्थानविना शेष स्थानमें (३। ४। ५। ८। ९। १०। ११) गुरुसे ९। ११। ८। ५। १०

में बुधसे ९ । ५ । ११ । ३ । ६ मंगलसे ११ । ५ । ३ । १२ । ६ । ९ स्थानमें शुभफल देता है। इन शुभफलद स्थानोंमें रेखा देना शुक्रका अष्टवर्ग होवे ॥ २७ ॥

अथ मंदस्याष्टवर्गमाह।

स्वात्त्र्यंद्रस्त्रिषडायधीषु रवितोऽष्टायाद्रिकेन्द्रे शुभो
भौमात्खायषडन्त्यधीत्रिषु तनोः खायाम्बुषट्त्र्येकगः ॥
ज्ञादायारिनवान्त्यखाष्टसु भृगोरन्त्यायषट्संस्थित-
श्चन्द्रादायरिपुत्रिगःसुरगुरोरन्त्यायधीशत्रुगः ॥ २८ ॥

भाषाटीका–अब शनिका अष्टवर्ग कहते हैं। शनि अपनी राशीसे ३।६।११ ५ स्थानमें सूर्यसे ८ । ११ । २ । १ । ४ । ७ । १० में भौमसे १० । ११ । ६ । १२ । ५ । ३ लग्नसे १० । ११ । ४ । ६ । ३ । १ बुधसे ११ । ६ । ९ । १२ । १० । ८ शुक्रसे १२ । ११ । ६ चन्द्रसे ११ । ६ । ३ गुरुसे ११।१२।५।६ स्थानमें शुभफल देताहै। इन स्थानोंमें रेखा देना अन्यत्र बिंदु देना शनिका अष्टवर्ग होवे ॥ २८ ॥

| [illegible] शुक्रस्याष्टवर्गाः ५२ | | | | | | | | अथ शनेरष्टवर्गाः ३९ | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | च | भ | बु | [illegible] | शु | श | ल | र | च | भ | बु | गु | शु | श | ल |
| ८ | १ | ३ | ३ | ५ | १ | १० | १ | १ | ३ | ३ | ६ | ५ | ६ | ३ | १ |
| ११ | २ | ५ | ५ | ८ | २ | २ | २ | २ | ६ | ५ | ८ | ६ | ११ | ५ | ३ |
| १२ | ३ | ६ | ६ | ९ | ३ | ४ | ३ | ४ | ११ | ६ | ९ | ११ | १२ | ६ | ४ |
| | ४ | [illegible] | [illegible] | १० | ४ | ५ | ४ | ७ | | १० | १० | १२ | | ११ | ६ |
| | | [illegible] | ११ | ११ | ५ | ८ | ५ | ८ | | ११ | ११ | | | | १० |
| | ८ | ११ | | | ८ | ९ | ८ | १० | | १२ | १२ | | | | ११ |
| | ९ | | | | १० | ११ | १० | ११ | | | | | | | |
| | १० | | | | ११ | | ११ | | | | | | | | |
| | ११ | | | | १२ | | | | | | | | | | |

शं.तुहे रामकाशादि ग्रन्थोंमें न्याष्टवर्गभी विशेष कहा है।

20306

अथ लग्नस्याष्टवर्गांकाः ४९.

| र | च | म | बु | गु | शु | श | ल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | ३ | १ | १ | १ | १ | १ | ३ |
| ४ | ६ | ३ | २ | २ | २ | ३ | ६ |
| ६ | १० | ६ | ४ | ४ | ३ | ४ | १० |
| १० | १२ | १० | ६ | ५ | ४ | ६ | ११ |
| ११ | | ११ | ८ | ६ | ५ | १० | |
| १२ | | | १० | ७ | ८ | ११ | |
| | | | ११ | ९ | ९ | | |
| | | | | १० | ११ | | |
| | | | | ११ | | | |

स्थानानि यान्युक्तानि तेषु रेखा अन्यत्र बिन्दुः ॥ २९ ॥

इति रेखाष्टकम् ।


भाषाटीका-प्रथम जिसग्रहका अष्टवर्ग करना हो वह ग्रह जिसराशीमें स्थित हो उस राशीको आदिले जन्मकुंडली ग्रहसहित लिखना तदनंतर अपने अपने अष्टवर्ग जो जो स्थान शुभफलप्रद कहे हैं उन उन स्थानोंमें रेखा लिखना अन्य स्थानोंमें बिंदु ( शून्य ) लिखना-इसप्रकार सूर्यसे लग्नपर्यंत आठही ग्रहोंके अष्टवर्ग बनाना फेर बाराही राशियोंकी अष्टवर्गकी रेखाका योग पृथक् पृथक् करके अपनी अपनी रेखाका योग कुण्डलीमें लिखना सो समुदायाष्टवर्ग होवे तदनंतर इस समुदायाष्टवर्गमें मीन मेष वृषभ मिथुन राशिमें जितनी जितनी रेखा होवे उन सर्व रेखाका योग करना ये योग १२० एक सौ बीससे अधिक आवे तो प्रथम वयमें सौख्यार्थ विशेष प्राप्त होगा-एवं कर्क सिंह कन्या तुला राशीकी सर्व रेखाका योग १२० एक सौ बीससे अधिक आवे तो तरुण अवस्थामें सुख अर्थप्राप्ति आदि विशेष होगा-इसीप्रकार वृश्चिक धन मकर कुंभ राशियोंकी सर्व रेखाका योग १२० एक सौ बीससे अधिक आवे तो उत्तर वयमें सुख अर्थप्राप्ति आदि शुभफल विशेष होगा और १२० एक सौ बीससे अल्परेखैक्य जिस अवस्थामें आवे उस अवस्थामें मध्यम फल होगा ऐसा जानना ॥ २९ ॥

१ शंभुहोराप्रकाशे-मीनाद्यं मिथुनान्तकं प्रथमकं प्रोक्तं वयः मानवैः कर्काद्यं वणिजान्तकं तरुणतासञ्ज्ञं मध्यं बुधैः ॥ कुंभान्तं स्थविरान्तकं च पटुभिर्यत्स्फुटैः संयुतं तस्मीन्प्राप्तौविशेषतं तद्युतेनेदं विशेषात्शुभम् ॥ ११ ॥

### उदाहरण ।

सूर्यरेखाष्टक करनाहै—यहाँ सूर्य कुंभराशीका है अतएव कुंभराशीको आदिले जन्मकुंडली ग्रहसहित लिखके श्लोक २२ के अनुसार शुभफलप्रद स्थानोंमें रेखा अन्यस्थानोंमें शून्य लिखी सर्वरेखाका योग किया ४८ हुवा ये सूर्यका अष्टवर्ग हुवा इसी प्रकार शेष ग्रहोंके अष्टवर्ग जानना ॥

सूर्याष्टवर्गैक्य ४८



रेखाष्टकचक्रम्

| १ | २ | ३ | गु ४ | ५ | चं ६ | ७ | ८ | श ९ | शुल १० | र.बु ११ | मं १२ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ३ | २ | ६ | ४ | २ | ३ | ५ | ६ | ७ | ३ | २ | ५ | सू ४८ |
| ६ | ५ | ४ | ५ | ३ | ४ | ४ | ६ | ३ | २ | ४ | ३ | चं. ४९ |
| ४ | १ | ७ | ४ | २ | २ | ३ | ४ | ६ | २ | १ | ३ | मं ३९ |
| ५ | २ | ७ | ४ | ३ | ३ | ६ | ४ | ६ | ६ | ५ | ३ | बु. ५४ |
| ५ | ७ | ४ | ४ | २ | ० | ७ | ५ | ३ | ८ | ६ | ४ | गु. ५६ |
| ६ | ५ | २ | ४ | ४ | ५ | ३ | ५ | ४ | ५ | ५ | ४ | शु. ५२ |
| २ | ४ | ३ | ३ | २ | २ | ३ | ६ | ५ | ३ | ४ | २ | श. ३० |
| ३ | ६ | ३ | ३ | ४ | ३ | ३ | ६ | ५ | ४ | ४ | ६ | ल. ४९ |
| ३४ | ३२ | ३५ | ३१ | २२ | २७ | ३४ | ४३ | ३९ | २९ | ३१ | ३० | योग |

### समुदायाष्टवर्ग उदाहरण ।

जैसे मेषराशीके सूर्याष्टवर्गमें रेखा ३ चंद्राष्टवर्गमें ६ भौमाष्टवर्गमें४बुधाष्टवर्गमें ५ गुरुके अष्टवर्गमें ५ शुक्राष्टवर्गमें६ शनिके अष्टवर्गमें २ लग्नाष्टवर्गमें रेखा ३ हैं इन आठहीं वर्गोंकी मेषराशीकी रेखाका योग किया ३४ हुवे इसीप्रकार बाराही राशियोंके अष्टवर्गकी रेखाका योग किया इसको समुदायाष्टवर्ग जानना इस समुदायाष्टवर्गमें मीनराशीमें रेखा ३० मेषमें ३४ वृषमें ३२ मिथुनमें ३५ रेखा हैं इनका योग किया १३१ आये ये १२० से अधिकहैं अतः प्रथमवय-में सुखार्थ वृद्धचादिश्रेष्ठ फल होगा एवं कर्कमें ३१ सिंहमें २२ कन्यामें २७

तुलामें ३४ रेखा हैं-इनका योग ११४ आया ये १२० से अल्प हैं इसलिये मध्यवयमें मध्यम फल होगा--इसीप्रकार वृश्चिक ३८ धन ३९ मकर २९ कुंभ३१ राशीयोंकी रेखाका योग १४१ आया ये १२० से अधिक हैं इसलिये अन्त्य वयमें सौख्यार्थप्राप्त्यादि श्रेष्ठ फल होगा. ऐसा सर्वमें जानना ।

इति रेखाष्टकम् ।

समुदायाष्टवर्गकुंडली.



| शुभाशुभफलचक्रम. | | |
|---|---|---|
| आद्यावस्था | मध्यावस्था | अन्त्यावस्था |
| १३१ | ११४ | १४१ |
| श्रेष्ठ. | मध्यम | श्रेष्ठ |

अथ रश्मिसाधनमाह ।

सत्रिभं सायनार्कं सूर्यस्य व्यर्केन्दुचन्द्रस्य मध्यस्पष्टयोर्योगार्द्धं चलोच्चे हीनं भौमादिकानां चेष्टाकेंद्रम् ॥ तद्रसोर्ध्वेमिनभाच्छुद्धंशेषर्क्षे सैकं अंशाद्या द्विघ्ना चेष्टारश्मिः॥ ३० ॥

भाषाटीका--अब रश्मिसाधन कहते हैं।अयनांशयुक्त किये हुवे स्पष्टसूर्यमें तीन राशी युक्त करना सूर्यका चेष्टाकेंद्र होवे और स्पष्टचंद्रमेंसे स्पष्टसूर्य हीन करनेसे चंद्रका चेष्टाकेन्द्र होता है और भौमादिक (भौम.बुध.गुरु. शुक्र शनि. ) मध्यम ग्रहका और स्पष्टग्रहका योग करके अर्ध (आधे) करना और अपने अपने चलोच्च ( शीघ्रोच्चे ) मेंसे हीन करना ( सोधना ) सो भौमादि पंचताराग्रहोंका चेष्टाकें-

१ सोमदैवज्ञः ॥ मध्यमार्कसहितं चलकेंद्र स्याद्बुधस्य च सितस्य चलोच्चम्।भौमदेवगुरुमन्दखगानां मध्यमार्क उदितं तु चलोच्चम् ॥ १ ॥ बुध शुक्रके मध्यम शीघ्रकेंद्रमें मध्यम सूर्यको मिलानेसे बुध शुक्रका शीघ्रोच्च होता है और मंगल गुरु शनीका मध्यम सूर्य शीघ्रोच्च होता है ।

न्द्र होवे. वह चेष्टाकेन्द्र ६ छराशीसे अधिक होवे तो१२ बारा राशीमेंसे शोधना ( निकालना ) शेष बचे उसकी राशीमें एक मिलाना और अंशादिकको द्विगुण करना चेष्टारश्मीहोवे ॥ ३० ॥

अथ ग्रहाणामुच्चनीचराशीनाह ।

सूर्यात्स्युरुच्चाः क्रिय१गो २ मृग१० स्त्री ६कर्कों४ऽन्त्य१२जूका७ दशभि १० र्हुताशैः ३ ॥ गजाश्वि २८ भिर्बाणकुभिः १५ शरै ५ र्भैर२७र्नखै २० र्लवैस्स्तगतास्तु नीचाः ॥ ३१ ॥

भाषाटीका—अब ग्रहोंकी उच्चनीच राशियें कहते हैं । मेष—राशीके १० अंशपर्यन्त( सूर्य)वृषभ१राशीके३अंशपर्यन्त(चंद्र) मकर९राशीके२८ अंशपर्यन्त ( भौम ) कन्याराशीके १५ अंशपर्यन्त ( बुध ) कर्क ३ राशीके ५ अंशपर्यन्त ( गुरु ) मीन ११ राशिके २७ अंशपर्यन्त ( शुक्र ) तुला ६ राशिके २० अंश पर्यन्त ( शनि ) सूर्यको आदिले ग्रह क्रमसे उच्चराशियोंके होते हैं और अपनी उच्चराशीसे सातमी राशीमें गये हुये नीचके होतेहैं ॥ ३१ ॥

उच्चनीचराशिचक्रम्.

| र | चं | मं | बु | गु | शु | श | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ० १० | १ ३ | ९ २८ | ५ १५ | ३ ५ | ११ २७ | ६ २० | | उच्चराशि परमोच्चअंश. |
| ६ १० | ७ ३ | ३ २८ | ११ १५ | ९ ५ | ५ २७ | ० २० | | नीचराशि. परमनीचअंश. |

अथ उच्चरश्मिसाधनमाह ।

ग्रहनीचांतरञ्जायें षड्भादूनं यथातथा ॥
द्विघ्नांशादिः सरूपंभमुच्चरश्मिपरं स्मृतः ॥ ३२ ॥

भाषाटीका—अब उच्च रश्मि करनेकी रीति कहते हैं जैसे छह राशीसे अल्पशेष रहते होवें वैसे ही ग्रह और नीचके अंतर करना ( ग्रहमेंसे नीच हीनकरनेसे ६ सें अल्परहे तो ग्रहमेंसे नीच हीन करना और यदि नीचमेंसे ग्रह हीन करनेसे६ राशी- से अल्पशेष रहते होवें तो नीचमेंसे ग्रहको हीन करना ) शेष बचे राश्यादिककी राशीके अंकमें१ एक मिलाना अंशादिकको द्विगुण करना उच्चरश्मि होवे॥ ३२॥

अथ स्पष्टरश्मिसाधनमाह ।

चेष्टोच्चरश्मियोगार्द्धं स्फुटरश्मिः प्रकीर्त्यते ॥
नखोनैक्ये दरिद्रीस्यार्द्धिशोर्ध्वेसम्पदन्वितः ॥ ३३ ॥

भाषाटीका—अब स्पष्टरश्मिसाधन कहतेहैं । चेष्टारश्मि और उच्चरश्मि कायोग करके अर्ध ( आधा ) करना आवे वह स्पष्टरश्मि कहातीहै. उसस्पष्टरश्मिका ऐक्य २० बीससे अल्प आवे तो दरिद्री होवे और २० बीससे अधिक आवे तो सम्पदावान् होवे ॥ ३३ ॥

इति रश्मिसाधनम् ।

उदाहरण ।

सूर्य स्पष्ट १० । १६ । ५३ । ३९ में अयनांश २२ । २९ । ० युक्तकरनेसे ११ । ९ । २२ । ३९ सायन सूर्य हुवा इसकी राशिमें ३ तीन युक्त किये २ । ९ । २२ । ३९ ये सूर्यका चेष्टाकेन्द्र हुवा एवं चंद्र स्पष्ट ५ । २९ । १९ । ४९ मेंसे स्पष्ट सूर्य १० । १६ । ५३ । ३९ हीन किया ७ । १२ । २६ । १० ये चन्द्रका चेष्टाकेंद्र हुवा. भौममध्यम ११ । १२ । ३९ । ४८ भौमस्पष्ट ११ । ६ । १४ । ५४ का योग २२ । १८ । ५४ । ४२ हुवा इसको अर्धकिया ११ । ९ । २७ । २१ हुवा इसको भौमके चलोच्च ( मध्यमसूर्य ) १० । १५ । ३ । २१ मेंसे हीन किया शेष ११ । ५ । ३६ । ० भौमका चेष्टाकेंद्र हुवा एवं बुधके मध्यमस्पष्टके योगके अर्ध १० । १२ । ५३ । ४९ को बुधके चलोच्च ( बुधशीघ्रकेंद्र ११ । २३ । ३१ । ९ में मध्यम सूर्य १० । १५ । ३ । २१ को मिलाया १० । ८ । ३४ । ३० ये बुधका शीघ्रोच्च हुवा ) १० । ८ । ३४ । ३० मेंसे हीनकिया ११ । २५ । ४० । ४१ बुधका चेष्टाकेंद्र हुवा—इसीप्रकार शेषग्रहोंका चेष्टाकेंद्र जानना सूर्यके चेष्टाकेंद्र २ । ९ । २२ । ३९ में १ राशी युक्तकरके अंशादिकोंको द्विगुणकिये ३ । १८ । ४५ । १८ सूर्यकी चेष्टारश्मि आई चंद्रका चेष्टाकेंद्र ७ । १२ । २६ । १० छह राशीसे अधिक है अतएव १२ बरा राशीमेंसे शोधा शेष ४ । १७ । ३३ । ५० हुवे इसीराशी ४ में १ मिलाया अंशादिकोंको द्विगुणकिये ५ । ३५ । ७ । ४० चंद्रकी चेष्टारश्मि आई एवं भौमादिक ग्रहोंकी चेष्टारश्मि समझना ॥ इति ।

| अथ चेष्टारश्मिचक्रम् । | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सू. | च. | म. | बु. | गु. | शु. | श. | |
| | | ११<br>१२<br>३९<br>४८ | १०<br>१५<br>३<br>२१ | ३<br>२<br>५०<br>५ | १०<br>१५<br>३<br>३१ | ८<br>२३<br>४४<br>५६ | मध्यम ग्रहाः |
| | | ११<br>६<br>१४<br>५४ | १०<br>१०<br>५४<br>१८ | ३<br>०<br>४३<br>१ | ५<br>१२<br>२६<br>८ | ८<br>२४<br>४८<br>२३ | स्पष्ट ग्रह. |
| | | २२<br>१८<br>५४<br>४२ | २०<br>२५<br>४७<br>३९ | ६<br>३<br>२३<br>२ | १९<br>१७<br>२९<br>२९ | १७<br>१८<br>३३<br>९ | मध्य स्पष्ट योग. |
| | | ११<br>९<br>२७<br>२१ | १०<br>१२<br>५३<br>४९ | ३<br>१<br>४१<br>३१ | ९<br>२८<br>४४<br>४४ | ८<br>२४<br>१६<br>३४ | मध्य स्पष्ट योगार्ध. |
| | | १०<br>१५<br>३<br>३१ | १०<br>८<br>३४<br>३० | १०<br>१५<br>३<br>२१ | ७<br>२१<br>६<br>२ | १०<br>१५<br>३<br>२१ | चलोच्च. |
| २<br>९<br>२२<br>३९ | ७<br>१२<br>२६<br>१० | ११<br>५<br>३६<br>० | ११<br>२५<br>४०<br>४१ | ७<br>१३<br>२१<br>५० | ९<br>२२<br>२१<br>१८ | १<br>२०<br>४६<br>४७ | चेष्टा केन्द्र. |
| ३<br>४८<br>४५<br>१८ | ५<br>३५<br>७<br>४० | १<br>४८<br>४८<br>० | १<br>८<br>३८<br>३८ | ५<br>३३<br>१६<br>२० | ३<br>२५<br>१७<br>२४ | २<br>४१<br>३३<br>३४ | चेष्टा रश्मि. |

उच्चरश्मिसाधन उदाहरण.

सूर्य १० । १६। ५३ । ३९ सूर्यकी नीचराशी ६ । १० । ० । ० सूर्यमेंसे नीचको हीन करनेसे ६ छहराशीसे अल्पशेष बचता है इसवास्ते सूर्यमेंसे नीचको हीन किया ४ । ६ ।५३ । ३९ इसकी राशी ४ में एक मिलाया अंशादिकोंको दोगुणे किये ५ । १३ ।४७।१८ सूर्यकी उच्चरश्मि हुई इसीप्रकार शेषग्रहोंकी उच्चरश्मि जानना ।

| उच्चरश्मिचक्रम् । | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | च | म | बु | गु | शु | श | ए |
| ५ | २ | ५ | २ | ६ | ४ | ४ | |
| १३ | ७ | ४३ | ८ | ५१ | ३० | ५० | |
| ४७ | २० | ३० | ३१ | २६ | ५२ | २३ | |
| १८ | ३३ | १३ | २४ | ७ | १६ | १४ | |

स्पष्टरश्मि उदाहरण.

सूर्यकी चेष्टारश्मि ३ । १८ । ४५ ।

१८ सूर्यकी उच्चरश्मि ५ । १३ । ४७ ।

१८ का योग किया ८ । ३२ । ३२ ।

३६ हुवे इसको आधाकिया ४ । १६ ।

१६ । १८ आये ये सूर्यकी स्पष्टरश्मि आई इसीप्रकार शेषग्रहोंकी स्पष्टरश्मि जानना. स्पष्टरश्मिका योग २० से अधिकहै इसकारण संपदावान् होगा ऐसा फल समझना ॥ इति रश्मिसाधनम् ॥

| अथ स्पष्टरश्मिचक्रम् । | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | च | म | बु | गु | शु | श | ए |
| ४ | ३ | ३ | १ | ६ | ३ | ३ | २७ |
| १६ | ५२ | ४६ | ३८ | १२ | ५३ | ४५ | २३ |
| २९ | १४ | ९ | ३५ | २१ | ४ | ५८ | ३८ |
| १८ | १ | ६ | १ | ११ | ५० | २४ | ५१ |

अथायुर्दायानयनमाह ।

कलिकृत्यग्रहं तत्र द्विशतासैर्कशेषकाः ॥
समाः शेषात्तु मासाद्याद्वादशादिहतैः क्रमात् ॥ ३४ ॥

भाषाटीका--अब आयुर्दाय आनयनकी रीति कहतेहैं।ग्रहकी केलो करके उसमें २०० दोसौका भागदेना लब्ध आवे उसके १२ बाराका भागदेना शेष बचे वह वर्ष जानना.तदनतर कलाके दोसौका भाग देनसे जो शेष बचेहैं उनको क्रमसे१२। ३० । ६० गुणाकरके२००दोसौंका भागदेनेसे लब्ध आवे वे मासादिक जानना अर्थात् शेषको प्रथम १२ बारागुणाकरना २०० का भाग देना लब्ध आवे वह मास जानना शेष बचे उनको ३० तीसगुणाकरना२०० का भागदेना लब्ध दिन आवे फेर शेष बचे उनको६० साठगुणाकरना२०० का भागदेना लब्ध घटी आवे शेषको फेर ६० साठगुणाकरना २०० का भागदेना लब्ध पल आवे ऐसे

१राशिको३०तीसगुणीकरके अंशमिलाना फर उसको६०साठगुणाकरके कलामिलानेसे होतीहै।

क्रमसे आवे जो वर्षमासादिक वह ग्रहकी वर्ष मास दिन घटी पल विपलात्मक मध्यायु समझना ॥ ३४ ॥ इसप्रकार लग्नसहित सूर्यादिग्रहोंकी मध्यायुसाधन करके स्पष्टायुसाधनके संस्कार आगे कहते हैं ।

स्थिरारिभे हरेत्त्र्यंशं वक्रचारं विना ग्रहः ॥
शुक्रार्कजान्यस्त्वस्तस्य अर्द्धं नीचर्क्षगे दलम् ॥ ३५ ॥

भाषाटीका—वक्रगति ग्रहके विना जो ग्रह स्थिरमैत्रीमें (नैसर्ग मैत्रीमें) शत्रुराशिका होवे उस ग्रहकी आई हुई वर्षादि आयुर्मेसे तृतीयांश ( अपना तीसरा हिस्सा ) हीन करना और शुक्र शनिके विना अन्य ( दूसरा ) ग्रह अस्तका होवे तो उसकी आयुको आधी करना नीच राशीका ग्रह होवे तो उसकी आई हुई आयुका दल ( अर्ध ) करना ॥ ३५ ॥

वक्रोच्चगे तत्त्रिगुणं द्विनिघ्नं वर्गोत्तमस्वांशकभत्रिभागे ॥
द्वित्रिघ्नतायां त्रिगुणं सकृद्धे द्वित्रीलवोने द्विलवोनमायुः ॥ ३६ ॥

भाषाटीका—वक्रगति ग्रह होवे वा उच्चराशीका होवे तो उस ग्रहकी वर्षादि आयुको त्रिगुण (३ तीनगुणी) करना और वर्गोत्तमी होवे वा स्वनवांशका होवे वा स्वराशीका होवे वा स्वद्रेष्काणका ग्रह होवे तो आईहुई वर्षादि आयुको द्विगुण ( दोगुणी ) करना और यदि जिस ग्रहकी वर्षादि आयुको द्विगुण करनेका और त्रिगुण करनेका दोनुं योग आवे तो उस ग्रहकी आयुको पृथक् पृथक् २ दोगुणी और ३ तीनगुणी नहीं करना केवल१एकही वार त्रिगुण ( तीनगुणी ) करना एवं ग्रहकी वर्षादि आयुर्मेसे द्वितीयांश और तृतीयांश दोनुं घटानेके योग आवे तो वर्षादिक आयुर्मेसे केवल एकही वार द्वितीयांश ( अपना अर्धभाग ) हीन करना ॥ ३६ ॥

वामं व्ययात् सर्वदलत्रिपादं पंचाङ्गभागानशुभा हरन्ति ॥
संतोऽर्द्धमर्द्धं सबलम्वहूनामेकर्क्षगानामिति सत्यवाक्यम् ॥ ३७ ॥

भाषाटीका—क्रमसे बारमें १२ स्थानको आदि ले सप्तम स्थानपर्यन्त उलटे

१ आगे श्लोक ३९ में कहा है—अथवा—जिस राशीका ग्रह होवे उसी राशीका नवशांमें आवे वसे वर्गोत्तमी जानना ।

स्वामीगुरुज्ञवीक्षितयुताहोरावलोत्कटा भवति ॥ ४१ ॥

**भाषाटीका**—अब लग्नका बल कहते हैं।लग्न अपने स्वामीसे अथवा बुधगुरुसे युक्त होवे वा दृष्ट होवे तो बलवान् होता है॥ ४१ ॥लोमशोक्तसप्तवर्गबलसारणीच-क्रसमाप्तिमें दिया है उससेभी ग्रहोंका सप्तवर्ग बल जानना ॥ इत्यायुर्दायः ॥

उदाहरण.

सूर्य १० । १६।५३ । ३९ । की कला १९०१३ । ३९ में २०० दो सौंका भाग दिया लब्ध ९५ आये इनमें १२ बारेका भाग दिया शेष ११ रहे ये वर्ष हुये कलाके २०० का भाग देनेमें शेष १३ । ३९ बचे इनको १२ बारागुणे किये १६३ । ४८ हुवे इनमें २०० भाग दिया लब्ध ० शून्य मास आये शेष १६३ । ४८ को ३० तीसगुणे किये ४९१४ । ० फेर २०० का भाग दिया लब्ध २४ दिन आये शेष ११४ । ० बचे इनको ६० साठ-गुणे किये ५८४० । ० हुवे इन्में २०० का भाग दिया लब्ध २४ घटी आई

कन्यायां बुधस्य तुङ्गांशकैः सदा चिंतयम् ॥२॥ परतस्त्रिकोणगातं पञ्चभिरंशैः स्वराशिगं परतः॥ दशभिर्भागैर्भौमस्य त्रिकोणं धनुषि तत्परं स्वगृहम् ॥ ३ ॥ शुक्रस्य च तिथ्यंशास्त्रिकोणमपरं स्वभं तुलायां तु ॥ कुम्भे त्रिकोणं स्वगृहे रविनस्य रवेर्यथा सिंहे ॥ ५ ॥ इति—सूर्य सिंहराशीके २० बीस अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका २० अंशके उपरांत शेष १० अंशमें स्वगृही होता है चन्द्र वृषभके तीन ३ अंशपर्यंत उच्चका ३ तीन अंशके नंतर शेष अंशमें मूलत्रिकोणका होता है, भौम मेषराशीके १२ अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका १२ के नंतर शेष अंशमें स्वराशीका होता है, बुध कन्याराशीके १५ पंद्रा अंशपर्यंत उच्चका १५ पंद्रा अंशके नंतर ५ पांच अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका ५ पांच अंशके नंतर शेष अंशमें ( २० अंशके नंतर) स्वराशीका होता है,गुरु धनराशीके १० अंश-पर्यंत मूलत्रिकोणका १० दश अंशके नंतर शेष अंशमें स्वराशीका होता है,एवं शुक्र तुला राशीके १५ अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका १५ पंद्रा अंशके नंतर शेष अंशमें स्वराशीका होता है शनि कुंभरा-शीके २० बीस अंशपर्यंत मूलत्रिकोणराशीका २० अंशके नंतर शेष १० अंशमें स्वराशीका जानना— इति ।

| र | च | मं | बु | गु | शु | श | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिं ४ | वृ १ | मे ० | क. ५ | ध. ८ | तु ६ | कुं १० | राशयः |
| मू २० स्व १० | उ ३ मू २७ | मू. १२ स्व १८ | उ. १५ मू. ५ स्व १० | मू १० स्व २० | मू १५ स्व १५ | मू २० स्व १० | अंशाः |

हीन करनेका पूर्व कहा है वह हीन करना. शेष ग्रहोंकी आयुमेंसे उस स्थानका भाग हीन नहीं करना ऐसा सत्याचार्यका वचन है ॥ ३७ ॥

लग्ने बलाढ्ये सहितं च वर्षैस्तुल्यैर्विलग्नस्य गृहैर्विधेयम् ॥
भागादिना भास्करसंगुणेन युक्तं दिनाद्यं भवति स्फुटं तत् ॥३८॥

भाषाटीका—लग्न बलवान होवे तो लग्नकी वर्षादि मध्यायुके वर्षके अंकमें लग्नकी राशीकी संख्याके समान (लग्न० राशीका होतो० शून्य९राशीका होतो ९ नव ऐसे जिस राशीका हो उतनेही ) वर्ष युक्त करना और लग्नके अंशादिक ( अंशकला विकला ) को १२ बारागुणा करके उसी वर्षादि मध्यायुके दिनादिकमें युक्त करना सो लग्नकी स्पष्टायु होवे ॥ ३८ ॥

और लग्न बलवान् नहीं होवे तो जो मध्यायु आवे वही स्पष्टायु समझना ।

चरभवनेष्वाद्यंशाः स्थिरेषु मध्या द्विस्वभावेष्वन्त्याः वर्गोत्तमाः ३९

भाषाटीका—अब वर्गोत्तमराशी कहते हैं चर(१।४।७।१०)राशियोंमें आद्य ( प्रथम ३।२० ) नवांशके अंश स्थिर ( २।५।८।११ ) राशियोंमें मध्य ( पांचमां १६।४० ) नवांशके अंश द्विस्वभाव ( ३।६।९।१२ ) राशियोंमें अंत्य ( नवमां ३०।० ) नवमांशके अंश वर्गोत्तमांश होते हैं अर्थात् चरराशीका ग्रह प्रथम नवांशमें होवे तो वर्गोत्तमी होता है एवं स्थिर राशीका ग्रह पांचमें नवांश १६।४० में होवे तो वर्गोत्तमांशमें होता है और द्विस्वभाव राशीका ग्रह अंत्य नवांशमें ( २६।४० के उपरान्त ३०।० पर्यंत नवम नवांशमें ) होवे वह वर्गोत्तमांशमें होताहै ॥ ३९ ॥

स्वर्क्षकेंद्रोत्तमांशस्थाः स्वांशमित्रांशकान्विताः ॥
परिपूर्णबलैर्युक्ताः स्वोच्चमूलत्रिकोणगाः ॥ ४० ॥

भाषाटीका—अब ग्रहोंका बल कहते हैं। स्वराशीमें स्थित, केंद्र(१।४।७।१०) स्थानमें स्थित शुभग्रहोंके नवांशमें स्थित, स्वनवांशमें स्थित, मित्रनवांशयुक्त और अपनी उच्चराशी ( श्लोक ३१ में कही है) में स्थित और मूलत्रिकोणराशीमें स्थित ग्रह परिपूर्ण बलवान् होता है ॥ ४० ॥

---

१ आगे श्लोक ४१ में कहा है।

२ सारावल्याम्–विंशतिरंशाः सिंहे त्रिकोणमपरे स्वभवनमर्कस्य ॥ उच्चं भागत्रितयं वृषइन्दोः स्यात्रिकोणमपरेंऽशाः ॥ १ ॥ द्वादशभागा मेषे त्रिकोणमपरे स्वभं तु भौमस्य ॥ उच्चभर्गो

स्वामीगुरुज्ञवीक्षितयुताहोराबलोत्कटा भवति ॥ ४१ ॥

भाषाटीका—अब लग्नका बल कहते हैं।लग्न अपने स्वामीसे अथवा बुधगुरुसे युक्त होवे या दृष्ट होवे तो बलवान् होता है॥ ४१ ॥लोमशोक्तसप्तवर्गबलसारणीचक्रसमाप्तिमें दिया है उससेभी ग्रहोंका सप्तवर्ग बल जानना ॥ इत्यायुर्दायः ॥

उदाहरण.

सूर्य १० । १६।५३ । ३९ । की कला १९०१३ । ३९ में २०० दो सौंका भाग दिया लब्ध ९५ आये इनमें १२ बारेका भाग दिया शेष ११ रहे ये वर्ष हुये कलाके २०० का भाग देनेसे शेष १३ । ३९ बचे इनको १२ बारागुणे किये १६३ । ४८ हुवे इनमें २०० भाग दिया लब्ध ० शून्य मास आये शेष १६३ । ४८ को ३० तीसगुणे किये ४९१४ । ० फेर २०० का भाग दिया लब्ध २४ दिन आये शेष ११४ । ० बचे इनको ६० साठगुणे किये ५८४० । ० हुवे इन्में २०० का भाग दिया लब्ध ३४ घडी आई

---

कन्यायां बुधस्य तुङ्गांशकैः सदा चिन्त्यम् ॥२॥ परतस्त्रिकोणजातं पञ्चभिरंशैः स्वराशिजं परतः॥ दशभिर्भागैर्जीवस्य त्रिकोणं धनुषि तत्परं स्वगृहम् ॥ ३ ॥ शुक्रस्य च तिथयोंऽशास्त्रिकोणमपरं स्वभं तुलायां तु ॥ कुम्भे त्रिकोणं स्वगृहे रविनस्य स्वेर्यथा सिंहे ॥ ४ ॥ इति—सूर्य सिंहराशीके २० वीस अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका २० अंशके उपरांत शेष १० अंशमें स्वगृही होता है चन्द्र वृषभके तीन ३ अंशपर्यंत उच्चका ३ तीन अंशके नंतर शेष अंशमे मूलत्रिकोणका होता है, भौम मेषराशीके १२ अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका १२ के नंतर शेष अंशमें स्वराशीका होता है, बुध कन्याराशीके १५ पंदरा अंशपर्यंत उच्चका १५ पंदरा अंशके नंतर ५ पांच अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका ५ पांच अंशके नंतर शेष अंशमें ( २० अंशके नंतर) स्वराशीका होता है,गुरु धनराशीके १० अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका १० दश अंशके नंतर शेष अंशमें स्वराशीका होता है,एवं शुक्र तुला राशीके १५ अंशपर्यंत मूलत्रिकोणका १५ पंदरा अंशके नंतर शेष अंशमे स्वराशीका होता है शनि कुंभराशीके २० वीस अंशपर्यंत मूलत्रिकोणराशीका २० अंशके नंतर शेष १० अंशमे स्वराशीका मानना— इति ।

| र | च | म | बु | गु | शु | श | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मी ४ | वृ १ | मे ० | क. ५ | ध ८ | तु ६ | कुं १० | राशयः |
| मू २० स्व १० | उ ३ मू २७ | मू १२ स्व १८ | उ. १५ मू. ५ स्व १० | मू १० स्व २० | मू १५ स्व १५ | मू २० स्व १० | अंशाः |

शेष ४०। ० बचे इनको फेर ६० साठगुणे किये २४००। ० हुवे इनमें २०० का भाग दिया लब्ध १२ पल आई ऐसे क्रमसे ११। ०। २४। ३४। १२ वर्षादि सूर्यकी मध्यायु आई इसीप्रकार शेष चन्द्रादि ग्रहोंकी और लग्नकी वर्षादि आयु जानना—अब इसमें श्लोक ३५ के अनुसार सूर्य स्थिरमेंत्रमें शत्रुकी राशीका है इसकारण सूर्यको वर्षादि ११। ०। २४। ३४। १२ आयुमेंसे अपना तृतीयांश ( तीनका भाग देके ३ ) ८। ८। ११। २४ घटाया ७। ४। १६। ३३। ४८ सूर्यकी स्पष्टायु हुई चंद्रमा वर्गोत्तमी है इसकारण श्लोक ३६ के अनुसार इसकी आयु ५। ९। १७। ४०। १२ को द्विगुणकी ११। ७। ५। २०। २४ हुये इनमेंसे श्लोक ३७ के अनुसार चन्द्र ९नवम स्थानमें स्थित है इसलिये ४ चतुर्थांश हीन करना परन्तु ये शुभ

| मध्यायुचक्रम् । | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | चं | मं | बु | गु | शु | श | ल | |
| ११<br>०<br>२४<br>३४<br>१२ | ५<br>९<br>१७<br>४०<br>११ | १०<br>१०<br>१४<br>५९<br>१२ | ९<br>२<br>१९<br>४९<br>१५ | ३<br>३<br>१<br>३५<br>४८ | ०<br>८<br>२३<br>२<br>१५ | ७<br>५<br>९<br>५<br>१५ | ४<br>०<br>१५<br>२७<br>० | मध्यायु |
| शत्रु राशि भ | ० | ० | अस्त अर्ध | ० | ० | ० | ० | उक्त श्लोक ३५ |
| ० | वर्गोत्त | ० | स्वद्रेष्काण | वक्र स्वउच्च [illegible] | स्वद्रेष्काण | ० | ० | श्लो ३६ |
| | १ शु | | १ शु | ३ शु<br>३ शु<br>१ शु | १ शु | | | |
| ० | नवमे ४ चतु | ० | ० | दशम ६ षष्ठांश | ० | बाधक सर्वही | ० | श्लो २७ |
| ७<br>४<br>११<br>३३<br>४८ | १०<br>१<br>२८<br>२५<br>३१ | १०<br>१०<br>१४<br>४९<br>१३ | ९<br>२<br>१९<br>४४<br>२४ | ८<br>१०<br>३<br>[illegible]<br>५७ | १<br>४<br>१६<br>४<br>२८ | ०<br>०<br>०<br>०<br>० | १३<br>९<br>२७<br>१०<br>० | स्पष्टायु |

ग्रह हैं इस कारण वर्षादि आयुके आठका भाग देके १। ५। ११। ५५। ३ आये हुवे अष्टमांशको हीन किया १०। १। २३। २५। ३१ ये वर्षादि चंद्रकी स्पष्टायु आई भौमके श्लोक ३५। ३६। ३७ के अनुसार कोई संस्कारका योग नहीं है इसकारण जो मध्यायु १०।१०। १४।४९।१२ है यही स्पष्टायु जानना—बुध अस्तका है इसलिये बुधकी आयु ९। २। १९। ४४। २४। को आधी करके श्लोक ३६ के अनुसार ये स्वद्रेष्काणका है इसवास्ते दोगुणीकी ९। २। १९। ४४। २४ये बुधकी स्पष्टायु आई—

एवं गुरु वक्रगती है इसकी आयुको श्लोक ३६ के, अनुसार ३ तीनगुणी करनेका और उच्चराशीका है इस कारण फेर ३ तीनगुणी करनेका और यही गुरु वर्गोत्तमांशका है इसलिये फेर२गुणी करनेका योग३तीन प्राप्त हुये हैं अतएव "द्विचिन्नतायां त्रिगुण सकृद्वै"इसके अनुसार गुरुकी वर्षादि आयु३।२।१७।२५। ४८को एकही वार३ तीनगुणीकी ९ ।७।२२।१७।२४ हुई परंतु गुरु शुभग्रह है और ७ सप्तम स्थानमें स्थितहै इसकारण इसमेंसे अपना बारमा हिस्सा ० । ९ । ११ । २१ । २७ हीन किया ८ । १० । २ । ५५ । ५७ ये गुरुकी स्पष्टायु हुई और शुक्र स्वद्रेष्काणका है इसलिये शुक्रकी आयु० ।८। २३।२।२४ को श्लोक ३६ के अनुसार द्विगुण करनसे १।५। १६ । ४८ आये ये शुक्रकी स्पष्टायु हुई एवं शनि बारमें स्थानमें स्थित है और यह अशुभ ग्रह है इसलिये इसकी आयु ५।१।५।२४ मेंसे सर्व (पूरि) आयु हीनकी शेष ०।०।०।०।० यह शनिकी स्पष्टायु हुई—वा लग्न बलवान् है इसलिये लग्नकी वर्षादि आयु ४।०। १५।२७।० के वर्षके४अंकमें लग्नकी राशीकेसमान वर्ष ९ युक्त किये १३ वर्ष हुवे. शेषमासादिक ०।१५ ।२७।० में लग्नके अंशादिक २३ । २८। ३५ को बारागुणा करके आये हुये मासादि ९ । ११ । ४३ । ०. युक्त किये १३ । ९ । २७ । १० । ० ये वर्षादिक लग्नकी स्पष्टायु हुई ॥ इत्यायुर्दायः ॥ स्पष्टायुर्योग ६१ । ९ । ० । ३७। ३०

अथ स्पष्टांशायुचक्रम् ।

| र | च | म | बु | गु | शु | श | ल | ए |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ७ | १० | १० | ९ | ८ | १ | ० | १३ | ६१ |
| ४ | १ | १० | २ | १० | ५ | ० | ९ | ९ |
| १६ | २३ | १४ | १९ | २ | १६ | ० | २७ | ० |
| २२ | २५ | ४९ | ४४ | ५५ | ४ | ० | १० | ३७ |
| ४८ | २१ | १२ | २४ | ५७ | ४८ | ० | ० | ३० |

दशासाधनमाह.

तत्रादौ विंशोत्तरी दशा ।

रवेः६ पडिन्दोर्दश १० सप्त ७भूसुवो

गर्भेन्दुवो १८ गोर्धिपणस्य पोडश १६

शनेर्नवाङ्गा १९ नगभूमिता १७ विदो
नगा ७ स्तुकेतोरनलाक्षसाः २० कवेः ॥ ४२ ॥

भाषाटीका—अब दशासाधन कहते हैं । जिसमें प्रथम विंशोत्तरी कहते हैं कृत्तिका नक्षत्रको आदिले क्रमसे प्रथम सूर्यकी ६ छह वर्षकी दशा फेर चंद्रकी १० वर्षकी मंगलकी ७ वर्षकी राहुकी १८ वर्षकी गुरुकी १६ वर्षकी शनिकी १९ वर्षकी बुधकी १७ वर्षकी केतुकी ७ वर्षकी शुक्रकी २० वर्षकी दशा जानना ॥ ४२ ॥

| विंशोत्तरीदशाचक्रम् । | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सू. ५ | च १० | म. ७ | रा. १८ | गु. १६ | श. १९ | बु. १७ | के ७ | शु. २० |
| कृ उत्तर ष | रो ह श्र | मृ चि ध | आ स्वा श | पुन वि पू | पुष्य अ उ | आ ज्ये रे | म मू. अ | पू पू भ. |

अष्टोत्तरीदशा ।

रवेः ६ पडिन्दोस्तिथयो १५ ऽष्ट ८ भूभुवो
नगेन्दवो १७ ज्ञस्य शनेर्दिशो १० गुरोः ॥
नवेंदवो १९ गोरवयः १२ समा सिते
धराश्विनो २१ वेदहुताशभे शिवात् ॥ ४३ ॥

भाषाटीका—अष्टोत्तरीदशाके वर्षादि मान कहते हैं । आर्द्रानक्षत्रको आदिले क्रमसे प्रथम चार नक्षत्र (आ॰पु॰पु॰आ॰) की सूर्यकी६ वर्षकी दशा फेर तीन नक्षत्र ( म. पू. उ. ) की चंदकी १५ वर्षकी फेर चार नक्षत्र ( ह. चि. स्वा वि. ) की भौमकी ८ वर्षकी फेर तीन नक्षत्र ( अ. ज्ये. मू. ) की बुधकी १७ वर्षकी फेर चार नक्षत्र ( पू. उ. अभि. श्र. ) की शनिकी १० वर्षकी फेर तीन नक्षत्र ( ध. श. पू. ) की गुरुकी १९ वर्षकी तदनंतर चार नक्षत्र ( उ. रे. अ. भ. ) की राहुकी १२ वर्षकी तदनंतर तीन नक्षत्र ( कृ. रो. मृ. ) की शुक्रकी २१ वर्षकी अष्टोत्तरी दशा जानना ॥ ४३ ॥

| अष्टोत्तरीदशा. | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र. | चं. | मं | बु. | श. | गु. | रा. | शु. |
| ६ | १५ | ८ | १७ | १० | १९ | १२ | २१ |
| आ. पु. पु. श्ले | म पू. उ. | ह. चि. स्वा. वि. | अ. ज्ये. मू. | पू. उ. अभि. श्र. | ध. श. पू. | उ. रे. अ. भ. | कृ. रो. मृ. |

अथ योगिनी दशा ।

जन्तुर्भे नियुक्तेऽष्टतष्टे दशा मंगला पिंगला धान्यका भ्रामरी च ॥
ततो भद्रिकोल्का च सिद्धा क्रमात्संकटासंज्ञिपिद्धाःसमैकैकवृद्धाः॥४४॥

भाषाटीका--अथ योगिनी दशा कहते हैं।जन्म नक्षत्रकी संख्यामें तीन मिलाना आठका भाग देना एकको आदि ले शेष बचे तो क्रमसे १ मंगला २ पिंगला ३ धान्या ४ भ्रामरी ५ भद्रिका ६ उल्का ७ सिद्धा ८ संकटा दशा एक एक वर्ष बढती हुई एक श्रेष्ठ एक नेष्ट इस क्रमसे जानना ॥ अर्थात् मंगला एक १ वर्षकी श्रेष्ठ, पिंगला २ वर्षकी नेष्ट,धान्या ३ वर्षकी श्रेष्ठ,भ्रामरी ४ वर्षकी नेष्ट, भद्रिका ५ वर्षकी श्रेष्ठ, उल्का ६ वर्षकी नेष्ट, सिद्धा ७ वर्षकी श्रेष्ठ, संकटा ८ वर्षकी नेष्ट जानना ॥ ४४ ॥

| योगिनीदशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं. | पि. | धा. | भ्रा. | भ. | उ. | सि. | सं. | |
| चं. | र. | गु. | मं. | बु. | श. | शु. | रा. | |
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | |
| आ. चि. श्र. | पु. स्वा. ध. | पु. वि. श. | अ. अनु. पू.भा. | म. म. ज्ये. उ.भा. | कृ. पू. मू. रे. | रो. उ. पू.षा. | मृ. ह. उ.षा. | |

शुक्लेऽर्कस्य होरायां दिवा विंशोत्तरी दशा ॥
कृष्णे चन्द्रस्य होरायां रात्रावष्टोत्तरी मता ॥ ४५ ॥

अन्यथा योगिनी कार्या सदा कार्या महादशा ॥

भाषाटीका—अब दशाके योग कहते हैं।शुक्लपक्षका जन्म होवे और लग्नमें सूर्यकी होरा होवे तो विंशोत्तरी दशा करना एवं कृष्णपक्षमें जन्म होवे और लग्नमें चंद्रकी होवे रात्रिसमयमें जन्म हुवा होवे तो अष्टोत्तरी दशा करना ॥ ४५ ॥ इन दोनों योगोंका संभव नहीं होवे तो योगिनी दशा करना और महादशा सदा ( सर्वदा ) करना ॥

अथ दशाभुक्तभोग्यानयनमाह।

चन्द्रस्य लिप्ता खाभ्रेभै ८०० र्लब्धाः स्युर्गततारकाः ॥ ४६ ॥
शेषा हताः स्वपाकाब्दैर्हारेणाप्ताः समादिकाः ॥
गता दशा सा पाकाब्दे ऊनिता भोग्यसंज्ञिता ॥ ४७ ॥

भाषाटीका—अब दशाके भुक्त भोग्य लानेकी रीति कहते हैं। चंद्रमाकी कला करना आठसौका ८०० भाग देना लब्ध आवे वह गत नक्षत्र जानना शेष रहे कला उसको अपनी दशाके वर्षसे (विंशोत्तरीके भुक्त भोग्य करना होवे तो श्लोक ४२ के अनुसार कृत्तिकाको आदिले गिननेसे जन्मनक्षत्र जिस ग्रहकी दशामें आया होवे उस दशामें जन्म हुवा ऐसा जानना. जिस ग्रहकी दशामें जन्म हुवा उसके दशाके वर्ष जितने होवें उतने वर्षसे और योगिनीके भुक्त भोग्य करना होवे तो श्लोक ४४ के अनुसार जिस दशामें जन्म हुवा होवे उसके वर्षसे अष्टोत्तरी करना होवे तो श्लोक ४३ के अनुसार जिस ग्रहकी दशामें जन्म होवे उसकी *जितने वर्षकी दशा होवे उतने वर्षसे ) गुणी करना हारका ८०० भाग देना* लब्ध आवे वह वर्ष जानना शेष बचे उनको १२ बारागुणे करना और ८०० आठसौका भाग देना लब्ध मास आवे शेषको ३० तीसगुणे करना ८०० आठसौका भाग देना लब्ध दिन आवे शेष बचे उनको ६० साठगुणे करना फेर ८०० आठसौका भाग देना लब्ध आवे वह घटी जानना शेष बचे उसको फेर ६० साठ गुणा करना ८०० का भाग देना लब्ध आवे वह पल जानना ऐसे आवे जो वर्षादिक वह गतदशा ( भुक्तदशा ) होवे उस भुक्तदशाको दशाके वर्षमेंसे हीन करना ( सोधना ) शेष बचे वह भोग्य दशा समझना ॥ ४६ ॥ ४७ ॥

१ विंशोत्तरी और योगिनीसे भुक्त भिन्न रीति है इसकारण अष्टोत्तरीके भुक्त भोग्य लानेकी रीति अलग आगे लिखा है।

विंशोत्तरी दशाका उदाहरण ।

स्पष्ट चन्द्रमा ५ । २९ । १९ । ४९ इसकी कला १०७५९ । ४९ इसके ८०० आठसौका भागदिया लब्ध १३ आये ये गतनक्षत्र हस्त हुआ शेष कला ३५९ । ४९ बची इसको श्लोक ४२ के अनुसार कृत्तिकाको आदि ले गिनने- से जन्मनक्षत्र चित्रा भौमकी दशामें आया इसलिये भौमके दशाके वर्ष ७ सातसे गुणे किये २५१८ । ४३ हुवे इनमें ८०० आठसौका भागदिया लब्ध ३ वर्ष आये शेष ११८ । ४३ बचे इनको १२ बारागुणे किये १४२४ । ३६ हुवे इनमें ८०० आठसौका भागदिया लब्ध एक मास आया शेष ६२४ । ३६ को ३० तीसगुणे किये १८७३८ । ० हुवे ८०० आठसौका भागदिया लब्ध २३ दिन आये शेष ३३८ । ० बचे इनको ६० साठगुणे किये २०२८० । ० हुवे इनमें ८०० आठसौका भागदिया लब्ध २५ घटी आई शेष २८० । ० को ६० साठगुणे किये १६८०० । ० हुवे फेर इनमें ८०० आठसौका भागदिया लब्ध २१ पल आई शेष० शून्य बची-इसप्रकार वर्षादि ३।१।२३।२५।२१ भौमकी भुक्त दशा आई इसको दशाके वर्ष ७ मेंसे घटाई शेष ३ । १० । ६ । ३४ ३९ बची यह भौमकी भोग्य दशा हुई ।

विंशोत्तरीदशायन्त्रम.

| मा.भ | भौ.के | रा. | गु | श. | बु | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ७ | ७ | १८ | १६ | १९ | १७ | | |
| ३ | ३ | २१ | ३० | ५६ | | | |
| १ | १० | १० | १० | १० | | | वर्षांग |
| २३ | ६ | ६ | ६ | ६ | | | |
| ४५ | ३० | ४ | ३४ | ३४ | | | सवर्षादि |
| २९ | १९ | २९ | ३९ | ३९ | | | |
| १९०८ | १९ २ | ९७० | ९ ६ | ९८० | | | संवत् |
| १८०३ | ७२ | १८७० | १८८० | १८० | | | शाक. |
| १० | ८ | ८ | ८ | ८ | | | |
| १६ | २३ | २३ | २३ | २३ | | | उत्तीर्णांशे |
| ५३ | २८ | २८ | २८ | २८ | | | |
| ३९ | १८ | १८ | १८ | १८ | | | |

योगिनी दशाका उदाहरण ।

जन्म नक्षत्रकी संख्या १४ में ३ तीन मिलाये १७ हुवे आठका भाग दिय

शेष १ बचा इसलिये १ पहली मंगला दशा वर्ष १ कमें जन्म हुवा इसके वर्ष १ एकसे चंद्रमाकी कला १०७५९ । ४९ के आठसौका भाग देनेसे शेष बचे ३५९ । ४९ इनको गुणे किये ३५९ । ४९ हुये इनमें८०० आठसौका भाग दिया लब्ध ० शून्य वर्ष आया शेष ३५९ । ४९ को क्रमसे १२ । ३० । ६० ।६०। गुणेकर्के८००का भाग देके विंशोत्तरीवत् मासादिक लाये ये योगिनी मंगलाकी भुक्त दशा हुई ० । ५ । ११ । ५५ । ३ इसको मंगलाके वर्ष १ मेंसे हीन किया शेष ० । ६ । १८ । ४ । ५७ ये भोग्य दशा आई।

| योगिनीदशाचक्रम्. | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं.भु | मं.भो. | पिं. | धा. | भ्रा. | भ. | उ. | सि. | सं. | |
| चं. | चं. | सू. | गु. | मं. | बु. | श. | शु. | रा. | |
| १ | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | |
| ०<br>५<br>११<br>५५<br>३ | ०<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | २<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | ५<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | ९<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | १४<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | २०<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | २७<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | ३५<br>६<br>१८<br>४<br>५७ | वर्षो-गत-वर्षा. |
| १९२८ | १९२९ | १९३१ | १९३४ | १९३८ | १९४३ | १९४९ | १९५६ | १९६४ | संवत् |
| १७९३ | १७९४ | १७९६ | १७९९ | १८०३ | १८०८ | १८१४ | १८२१ | १८२९ | शाक. |
| १०<br>१६<br>५१<br>३९ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | ५<br>४<br>५८<br>३६ | इसो-वांशे. |
| | श्रे | ने. | श्रे. | ने. | श्रे. | ने. | श्रे. | ने. | फलम् |

अष्टोत्तरीदशा बनानेकी रीति कहते हैं।

प्रथम चंद्रमाकी कला करना उसमें ८०० आठसौका भाग देना, लब्ध आवे वह गत नक्षत्र जानना शेष कला बचे उसको श्लो॰ ४३ के अनुसार जिस ग्रहकी दशामें जन्म हुवा होवे उस ग्रहके दशाके वर्षोंसे गुणनकरके आठसौ ८०० का भाग देके विंशोत्तरी दशावत् वर्षादि भुक्त दशा लाना तदनंतर उस भुक्त दशामें जितने नक्षत्रकी दशा हो उतनेका ( चार नक्षत्रकी हो तो ४ चारका तीन ३ की होतो ३ तीनका ) भाग देके वर्षादिक ५ फल लाना

आवे वह एक नक्षत्रकी भुक्तदशा समझना फेर जितने नक्षत्रकी दशा होवे उसमेंसे जितनी संख्याके नक्षत्र गत होवे उतनी संख्यासे (१एक गत होतो १से२दो होतो२ दोसे ३ हो तो ३तीनसे ) जितने वर्षकी दशा होवे उन वर्षोंको गुणे करना और उसमें चार नक्षत्रकी दशा हो तो ४ का तीनकी होतो ३ तीनका भाग देना आवे जो वर्ष मास वह उपर आई हुई एक नक्षत्रकी भुक्तदशाके वर्षमासमें मिलाना सो स्पष्ट भुक्त दशा होवे उस भुक्तदशाको दशाके वर्षमेंसे हीन करना भोग्य दशा होवे परंतु चंद्रमाकी कला १५२०० पंदरा हजार दोसौसे अधिक होवे तो चंद्रमाकी कलामेंसे १५२००पंदरा हजार दोसौ घटा देना शेष कला बचे उसमेंसे क्रमसे नीचे लिखे हुवे कोष्टकमें जो नक्षत्रोंके ध्रुवके खंड हैं वे शोधना ( हीन करना ) जितने खंड निकले उतने निकाला जो खंड नहीं निकले वह अशुद्ध खंड समझना शेष बचे कला उसको३० तीसगुणी करना और अशुद्ध खण्डका भाग देके मास दिन घटा पलात्मक चार फल लाना यदि मास१२बारासे अधिक होवे तो मासमें १२ बारका भाग देना लब्ध आवे वह वर्ष शेष मासादि समझना ऐसे आये हुवे वर्षादिकमें जितनी संख्याके खंड निकले होवें उतनीही प्रत्येक संख्याके२ दो वर्ष ६ मास मिलाना ( अर्थात् एक खंड निकला होतो २ वर्ष ६ मास दो खंड निकले हो तो ५ वर्ष तीन खंड निकले हो तो७वर्ष ६ मास. ) आवे वह शनिकी भुक्त दशा समझना उसको अपने दशाके वर्ष १० मेंसे घटानेसे भोग्य दशा होवेगा. यह रीति केवल चंद्रमाकी कला १५२०० पंदरा हजार दोसौसे १७६०० सतरा हजार छः सौ पर्यंत होवे वहांतकही करना शेषमें नहीं करना अष्टोत्तरीदशाके भुक्त भोग्य होवे इति ।

| शनिदशानक्षत्रध्रुवखंडचक्र | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पू.षा | उ.षा. | अभि. | श्रव | नक्षत्र |
| ८०० ० | ६०० ० | २५१ २० | ७४६ ४० | ध्रुवकला. |
| २ व. ६ मा | २ व ६ मा. | २ व. ६ मा. | २ व. ६ मा | दशा. मा |

अष्टोत्तरीदशा उदाहरण-

स्पष्टचंद्रमा ५ । २९ । १९ । ४९ इसकी कला १०७५९ । ४९ हुई इसमें ८००आठसोका भाग दिया लब्ध १३ गत नक्षत्र आया शेष ३५९ । ४९ बचे इनको श्लोक४ ३के अनुसार हस्तको आदि ले चार नक्षत्रकी भौमकी दशामें जन्मनक्षत्र चित्रा मिलता है इसलिये भौमकी दशाके वर्ष ८ आठसे गुणेकिये २८।७८

३२हुवे इनमें ८००आठसौका भाग देके विंशोत्तरीदशावत् वर्षादि ३ । ७ । ५ । २५।२४लाये इनमें भौमदशा४ चार नक्षत्रकी है इसलिये चारका भाग दिया लब्ध वर्षादि ०।१०।२३।५१।२१ आये ये एक नक्षत्रकी भुक्त दशा हुई तदनन्तर यह चार नक्षत्रकी दशाहै इसमेंसे १ एक हस्त नक्षत्र गत है इसकारण १ एकसे दशाके वर्ष ८ को गुणे किये ८ हुवे इनमें ४ चारका भाग दिया लब्ध २ वर्ष आये ये एक नक्षत्रकी ऊपर आई हुई भुक्त दशा०।१०।२३।५१।२१ के वर्ष = में युक्त किये सो वर्षादिक २।१०।२३।५१।२१ भौमकी स्पष्ट भुक्त दशा हुई इसको भौमके दशाके वर्ष ८ मेंसे घटाये शेष ५ । १ । ६ । ८ । ३९ भोग्यदशा हुई।

### शनिकी दशाका कल्पित उदाहरण.

शनिकी अष्टोत्तरीदशासाधन अभिजिन्नक्षत्रहोनेके कारण भिन्नरीतिसे किया जाता है उसके बनानेकी युक्ति प्रथम कहीही है परंतु बालकोंके सुबोधार्थ उसक एक कल्पित उदाहरण कहते हैं. स्पष्टचंद्र ९। १६ ।४० । ० इनकी कला-१७०२००।० सतराहजार दोसौ है यह कला पंदराहजार दोसौ१५२००।० सें अधिक है इसकारण चंद्रकी कला१७२००मेंसे१५२००।०पंदराहाजार दोसौ घटादिये शेष२०००।०कला बचीइसमेंसे पूर्वाषाढाके ध्रुवक खंडके अंक८००।० आठसौ घटाये शेष १२००।० बचे इसमेंसे फेर उत्तराषाढाके खंडके अंक ६०० छसौ घटाये शेष६००।० बचे इसमेंसे फेर अभिजित्के खंडके अंक२५३।२० घटाये ३४६ । ४० शेष बचे इसमेंसे ४चतुर्थ खंड श्रवणके अंक७४६ । ४० नहीं निकलते हैं, इसलिये ये अशुद्धखंड हुवा शेष कला३४६।४०को३० तीस-गुणा करनेसे १०४०० । ० हुवे इनमें अशुद्धखंड ७४६।४० का भाग देके मासादि चार फल लानाहै परंतु ये दोनुं भाज्य भाजक कलादिक हैं इसलिये सवर्णित किये भाज्य ६२४००० भाजक ४४८०० सवर्णित हुवे भाज्य ६२४००० में भाजक ४४८०० का भाग देके मास दिन घटी पलात्मक चार फल लाये १३ । २७ । ५१ । २५ आये— मास १३ बारासे अधिक हैं इसकारण १३ में १२ बाराका भाग दिया लब्ध १ वर्ष शेष १ मास हुवा ऐसे वर्षादिक १ । १ । २७ । ५१ । २५ आये इनमें पूर्वषाढा उत्तराषाढा

और अभिजित इन तीन नक्षत्रोंके भुक्तखंडे कलामेंसे सूर्यहै इसलिये७सातवर्षद छः मास मिलाये सोवर्षादि ८।७।२७।५१। २५ शनिकी शुक्रदशा आई- इसको दशाके वर्ष१०मेंसे हीन की शेष १।४।२।८।३५ वर्षादि भोग्य दशा हुई-इति अष्टोत्तरी दशा उदाहरणम् ।

| अष्टोत्तरीदशाचक्रम. | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म. मु. | शं. भे. | बु. | श. | गु. | रा. | | |
| ८ | ८ | १७ | १० | १९ | १२ | | |
| २<br>१०<br>२३<br>५१<br>२१ | ५<br>१<br>६<br>८<br>३९ | ४२<br>१<br>६<br>८<br>३९ | ३२<br>१<br>६<br>८<br>३९ | ५१<br>१<br>६<br>८<br>३९ | ६३<br>१<br>६<br>८<br>३९ | | वर्षांग<br>वर्षादि |
| १९२८ | १९३३ | १९५० | १९६० | १९७९ | १९९१ | | संवत् |
| १७९३ | १७९८ | १८१५ | १८२५ | १८४४ | १८५६ | | शक. |
| १०<br>१६<br>५२<br>३९ | ११<br>२३<br>२<br>१८ | ११<br>२३<br>२<br>१८ | ११<br>२३<br>२<br>१८ | ११<br>२३<br>२<br>१८ | ११<br>२३<br>२<br>१८ | | वर्षारंभे. |

अथांतर्दशासाधनमाह।

दशा दशाहता कार्या स्वस्वमानेन भाजिता ॥
लब्धमंतर्दशा ज्ञेया वर्षाद्याः क्रमशो बुधैः ॥ ४८ ॥

भाषाटीका-अब अंतर्दशा बनानेकी युक्ति कहते हैं, दशाके वर्षको दशाके वर्षसे गुणन करना और अपनी अपनी दशाके मानका भागदेना लब्ध वर्षमासादिक आवे वह क्रमसे अपनी अपनी दशामें पंडित लोगोंने अंतर्दशा जानना अर्थात्, विंशोत्तरी महादशामें जिसग्रहमें अंतर्दशाचक्र बनाना होवे उसग्रहके दशाके वर्षको विंशोत्तरीके ९ नवही ग्रहोंके दशाके वर्षसे क्रमसे गुणन करना और विंशोत्तरी महादशाके मानका ( १२० एकसौ वीसका ) भाग देना एवं अष्टोत्तरीमें जिस ग्रहमें अंतर्दशाचक्र बनाना होवे उसग्रहके दशाके वर्षको अष्टोत्तरीके ८ आठहीग्रहोंके दशाके वर्षसे क्रमसे गुणन करना और अष्टोत्तरीके मानका ( १०८ एकसौ आठका ) भाग

देना ऐसेही योगिनी दशामें जिस दशामें अंतर्दशाचक्र बनाना होवे उसदशाके वर्षको योगिनीके आठहीं दशाके वर्षसे क्रमसे गुणन करना और योगिनी दशाके मानका ( ३६ छत्तीसका ) भाग देना ऐसे जिसदशामें अंतर्दशा करना होवे उसका जो मान होवे उसीका भाग देके क्रमसे वर्ष मासादि लाना आवे वह अपनी २ दशामें अपनी २ अंतर्दशा जानना॥ ४८ ॥

उदाहरण।

जैसे विंशोत्तरी सूर्य महादशामें अंतर्दशाचक्र बनाना है सूर्यमहादशाके वर्ष ६है इस महादशाके वर्ष ६ को सूर्य दशाके वर्ष ६ से गुणन किये ३६ हुवे इनमें विंशोत्तरी दशाके मान १२०. का भाग दिया लब्ध ० वर्ष शेष ३६ को १२ बारागुणे किये ४३२ हुवे १२० का भाग दिया लब्ध ३ मास आये शेष ७२ बचे इनको ३० तीसगुणे किये २१६० हुवे इनमें फिर १२० का भाग दिया लब्ध १८ दिन आये शेष ० बची इसको ६० गुणी करके १२० का भाग दिया लब्ध ० । ० घटी पल आई ऐसे वर्षादिक ० । ३ । १८ । ० । ० सूर्य महादशामें सूर्यकी अंतर्दशा आई—फेर सूर्य दशाके वर्ष ६ को चंद्रमहादशाके वर्ष १० से गुणेकिये ६० हुवे इनमें १२० एकसो वीसका भाग देके वर्षादिक क्रमसे लाये ० । ६ । ० । ० ये सूर्य महादशामें चंद्रकी अंतर्दशा आई—एव दशाके वर्ष ६ को भौमदशाके वर्ष ७ सातसे गुणे किये ४२ हुवे १२० एकसो वीसका भाग देके वर्षादिक लाये ० । ४ । ६ । ० । ० सूर्यमें भौमकी अंतर्दशा आई ऐसेही फेर सूर्य महादशाके वर्ष ६ को राहु दशाके वर्ष १८ अठारासे गुणन करनेसे १०८ आये इनमें दशाके मान १२० का भाग दिया लब्ध ० । १० । २४ । ० । ० सूर्य महादशामें राहुकी अंतर्दशा आई इसीप्रकार दशाके वर्ष ६ को गुरुदशाके वर्ष १६ से गुणके १२० का भाग देनेसे ० । ९ । १८ । ० । ० वर्षादिक सूर्यमें गुरुकी तथा शनीके वर्ष १९ से दशाके वर्ष ६ को गुणन करके दशाके मान १२० का भाग देनेसे वर्षादि ० । ११ । १२ । ० । ० शनिकी अंतर्दशा तथा बुधके वर्ष १७ से दशाके वर्ष ६ को गुणन करके १२० का भाग देनेसे ० । १० । ६ । ० । ० सूर्यमें बुधकी अंतर्दशा तथा दशाके वर्ष ६ को केतुकी दशाके वर्ष ७ गुणके १२० का भाग देनेसे ० । ४ । ६ । ० । ० केतुकी ऐसेही दशाके वर्ष ६ को शुक्र महादशाके वर्ष २० से गुणन करके

दशाके मान १२० का भाग देनेसे १ । ० । ० । ० । ० वर्षादिक सूर्यमहादशामें शुक्रकी अंतर्दशा आई इसीप्रकार विंशोत्तरीमें चंद्रादि शेष ग्रहोंकी तथा अष्टोत्तरीयोगिनी आदि दशामें अंतर्दशा जानना इति ॥

( अथ विंशोत्तरीमध्ये अंतर्दशाचक्राणि )

| सूर्यमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | च | भ | रा | गु | श | बु | के | शु |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १ |
| ३ | ६ | ४ | १० | ९ | ११ | १० | ४ | ० |
| १८ | ० | ६ | २४ | १८ | १२ | ६ | ६ | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| चन्द्रमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चं | मं | रा | गु | श | बु | के | शु | र |
| ० | ० | १ | १ | १ | १ | ० | १ | ० |
| १० | ७ | ६ | ४ | ७ | ५ | ७ | ८ | ६ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| भौममध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | रा | गु | श | बु | के | शु | र | च |
| ० | १ | ० | १ | ० | ० | १ | ० | ० |
| ४ | ० | ११ | १ | ११ | ४ | २ | ४ | ७ |
| २७ | १८ | ६ | ९ | २७ | २७ | ० | ६ | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| राहुमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | गु | श | बु | के | शु | र | च | भ |
| २ | २ | २ | २ | १ | ३ | ० | १ | १ |
| ८ | ४ | १० | ६ | ० | ० | १० | ६ | ० |
| २४ | २४ | ६ | १८ | १८ | ० | २४ | ० | १८ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| गुरुमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | श | बु | के | शु | र | च | भ | रा |
| २ | २ | २ | ० | २ | ० | १ | ० | २ |
| १ | ६ | ३ | ११ | ८ | ९ | ४ | ११ | ४ |
| १८ | १२ | ६ | ६ | ० | १८ | ० | ६ | २४ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| शनिमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | बु | के | शु | र | च | भ | रा | गु |
| ३ | २ | १ | ३ | ० | १ | १ | २ | २ |
| ० | ८ | १ | २ | ११ | ७ | १ | १० | ६ |
| ३ | ९ | ९ | ० | १२ | ० | ९ | ६ | १२ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| बुधमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बु | के | शु | र | च | भ | रा | गु | श |
| २ | ० | २ | ० | १ | ० | २ | २ | २ |
| ४ | ११ | १० | १० | ५ | ११ | ६ | ३ | ८ |
| २७ | २७ | ० | ६ | ० | २७ | १८ | ६ | ९ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| केतुमध्येतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| के | शु | र | च | भ | रा | गु | श | बु |
| ० | १ | ० | ० | ० | १ | ० | १ | ० |
| ४ | २ | ४ | ७ | ४ | ० | ११ | १ | ११ |
| २७ | ० | ६ | ० | २७ | १८ | ६ | ९ | २७ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

| शुक्रमध्येन्तर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शु | र | च | भ | रा | गु | श | बु | के |
| ३ | १ | १ | १ | ३ | २ | ३ | २ | १ |
| ४ | ० | ८ | २ | ० | ८ | २ | १० | २ |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० |

## ( अष्टोत्तरीमहादशामध्येंतर्दशाचक्राणि )

| सूर्यमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | चंद्रमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | चं | मं | बु | श | गु | रा | शु | चं | मं | बु | श | गु | रा | शु | र | |
| ० | ० | ० | ० | ० | १ | ० | १ | २ | १ | २ | १ | २ | १ | २ | ० | ध. |
| ४ | १० | ५ | ११ | ६ | ० | ८ | २ | १ | १ | ४ | ४ | ७ | ८ | ११ | १० | मा. |
| ० | ० | १० | १० | २० | २० | ० | ० | ० | १० | १० | २० | २० | ० | ० | ० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| भौममध्येंतर्दशा. | | | | | | | | बुधमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | बु | श | गु | रा | शु | र | चं | बु | श | गु | रा | शु | र | चं | मं | |
| ० | १ | ० | १ | ० | १ | ० | १ | २ | १ | २ | १ | ३ | ० | २ | १ | ध. |
| ७ | ३ | ८ | ४ | १० | ६ | ५ | १ | ८ | ६ | ११ | १० | ३ | ११ | ४ | ३ | मा. |
| ३ | ३ | २६ | २६ | २० | २० | १० | १० | ३ | २६ | २६ | २० | २० | १० | १० | ३ | दि. |
| २० | २० | ४० | ४० | ० | ० | ० | ० | २० | ४० | ४० | ० | ० | ० | ० | २० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| शनिमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | गुरुमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | गु | रा | शु | र | चं | मं | बु | गु | रा | शु | र | चं | मं | बु | श | |
| ० | १ | १ | १ | ० | १ | ० | १ | ३ | २ | ३ | १ | २ | १ | २ | १ | ध. |
| ११ | ९ | १ | ११ | ६ | ४ | ८ | ६ | ४ | १ | ८ | ० | ७ | ४ | ११ | ९ | मा. |
| ३ | ३ | १० | १० | २० | २० | २६ | २६ | ३ | १० | १० | २० | २० | २६ | २६ | ३ | दि. |
| २० | २० | ० | ० | ० | ० | ४० | ४० | २० | ० | ० | ० | ० | ४० | ४० | २० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| राहुमध्येंतर्दशा | | | | | | | | शुक्रमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | शु | र | चं | मं | बु | श | गु | शु | र | चं | मं | बु | श | गु | रा | |
| १ | २ | ० | १ | ० | १ | १ | २ | ४ | १ | २ | १ | ३ | १ | ३ | २ | ध. |
| ४ | ४ | ८ | ८ | १० | १० | १ | १ | १ | २ | ११ | ६ | ३ | ११ | ८ | ४ | मा. |
| ० | ० | ० | ० | २० | २० | १० | १० | ० | ० | ० | २० | २० | १० | १० | ० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

## योगिनी महादशामध्येंतर्दशाचक्राणि.

| मंगलामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | पिंगलामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | पिं | धा | भ्रा | भ | उ | सि | सं | पिं | धा | भ्रा | भ | उ | सि | सं | मं | |
| ० | ० | १ | १ | १ | २ | २ | २ | १ | २ | २ | ३ | ४ | ४ | ५ | ० | मा. |
| १० | २० | ० | १० | २० | ० | १० | २० | १० | ० | २० | १० | ० | १० | १० | २० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| धान्यामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | भ्रामरीमध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धा | भ्रा | भ | उ | सि | सं | मं | पिं | भ्रा | भ | उ | सि | सं | मं | पिं | धा | |
| ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | १ | २ | ५ | ६ | ८ | ९ | १० | १ | २ | ४ | मा. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १० | २० | ० | १० | २० | १० | २० | ० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| भद्रिकामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | उल्कामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ. | उ. | सि | सं. | मं. | पिं. | धा. | भ्रा | उ. | सि. | सं. | मं. | पिं. | धा. | भ्रा. | भ. | |
| ८ | १० | ११ | १३ | १ | ३ | ५ | ६ | १२ | १४ | १६ | २ | ४ | ६ | ८ | १० | मा. |
| १० | ० | २० | १० | २० | १० | ० | २० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| सिद्धामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | संकटामध्येंतर्दशा. | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सि. | सं. | मं. | पिं. | धा. | भ्रा. | भ. | उ. | सं. | मं. | पिं. | धा. | भ्रा. | भ. | उ. | सि. | |
| १६ | १८ | २ | ४ | ७ | ९ | ११ | १४ | २१ | २ | ५ | ८ | १० | १३ | १६ | १८ | मा. |
| १० | २० | १० | २० | ० | १० | २० | ० | १० | २० | १० | ० | २० | १० | ० | २० | दि. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

अथांतर्दशामध्ये विदशानयनप्रकारमाह ।

अन्तर्दशाया दिवसाः स्वस्ववर्षैः क्रमाद्धताः ॥
स्वमानाद्विहृता प्राप्ता विदशा दिवसादिका ॥ ४९ ॥

भाषाटीका–अब विंशोत्तर्यादि दशाकी अंतर्दशामें विदशा करनेका प्रकार कहते हैं। अंतर्दशाके दिनोंको अपने अपने वर्षोंसे (विंशोत्तरीकी अंतर्दशाके दिनोंको विंशोत्तरीके सूर्यादि ग्रहोंके वर्षसे अष्टोत्तरीकी अंतर्दशाके दिनोंको अष्टोत्तरीके सूर्यादि ग्रहोंके वर्षसे योगिनीकी अंतर्दशाके दिनोंको योगिनीकी मंगलादि दशाके वर्षोंसे) क्रमसे गुणन करना और अपने अपने दशामानके वर्षोंका ( विंशोत्तरीकी अंतर्दशामें विदशासाधनमें विंशोत्तरीके मानके १२० एकसौ बीसका, एवं अष्टोत्तरीमें १०८ का योगिनीमें ३६ का ) भागदेना लब्ध आवे वह दिवसादिक ( दिनादिक ) विदशा जानना ॥ ४९ ॥

## उदाहरण ।

जैसे विंशोत्तरी सूर्य महादशामें सूर्यकी अंतदशा मास ३ दिन १८ की है इसमें विदशा करना है इसलिये इसके दिन किये १०८ हुवे इनको विंशोत्तरी दशाके सूर्यके वर्ष ६ से गुणन किये ६४८ हुवे इनमें विंशोत्तरी दशाके मानके वर्ष १२० एकसौ बीसका भागदिया लब्ध ५ दिन आये शेष ४८ बचे इनको ६० साठगुणे किये २८८० हुवे इनमें १२० एकसौ बीसका भागदिया लब्ध २४ घटी आई शेष० बची ६० साठ गुणा करके १२० का भाग देनेसे ०पल आई यह सूर्यकी अंतर्दशामें ५ दिन २४ घटीकी सूर्यकी विदशा हुई-- ऐसेही सूर्यकी अंतर्दशाके दिन १०८ को चंद्रादिकके वर्षोंसे क्रमसे गुणन करके १२० दशामानका भाग देनेसे दिनादिक सूर्यकी अंतर्दशामें विदशा हुई—इसी प्रकार विंशोत्तरी दशाकी शेष चंद्रादि ग्रहोंकी अंतर्दशामें तथा अष्टोत्तरी योगिनीकी अंतर्दशामें विदशा दिनादिक जानना, ॥

| सूर्यमध्येसूर्यांतरतन्मध्येविदशा | | | | | | | | | सूर्यमध्येचंद्रांतरतन्मध्येविदशा. | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | म | मं. | रा. | गु. | श. | बु. | के. | शु. | चं | मं. | रा. | गु | श. | बु. | के | शु. | र | |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १ | ० | मा. |
| ५ | ९ | ६ | १६ | १४ | १७ | १५ | ६ | १८ | १५ | १० | २७ | २४ | २८ | २५ | १० | ० | ९ | दि. |
| २४ | ० | १८ | १२ | २४ | ६ | १८ | १८ | ० | ० | ३० | ० | ० | ३० | ३० | ३० | ० | ० | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प |

| सूर्यमध्ये भौमांतरं तन्मध्ये विदशा. | | | | | | | | | सूर्यमध्ये राह्वंतरं तन्मध्ये विदशा. | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मं | रा | गु | श | बु | के | शु | र | चं | रा | गु | श | बु | के | शु | र | च | मं | |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | १ | १ | १ | १ | ० | १ | ० | ० | ० | मा. |
| ७ | १८ | १६ | १९ | १७ | ७ | २१ | ६ | १० | २८ | १३ | २१ | १५ | १८ | २४ | १६ | २७ | १८ | दि. |
| २१ | ५९ | ४८ | ५३ | ५१ | २१ | ० | १८ | ३० | ३६ | १२ | १८ | ५४ | ५४ | ० | ११ | ० | ५४ | घ. |
| ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | ० | प. |

| सूर्यमध्ये गुर्वंतरं तन्मध्ये विदशा. | | | | | | | | | सूर्यमध्ये शन्यंतरं तन्मध्ये विदशा. | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
